प्रेस को जानकारी टिप्पण (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 93/ 2020)

तत्काल जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा 'साइबर सुरक्षा'' पर वेबीनार का आयोजन

नई दिल्ली, 01 दिसम्बर, 2020: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जयपुर स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से दिनांक 26 नवम्बर, 2020 को ऑनलाइन मीटिंग प्लेटफार्म' के माध्यम से 'साइबर सुरक्षा'' पर वेबीनार का आयोजन किया।

2. गुजरात के गांधीनगर स्थित गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के निदेशक, प्रो0 (डॉ) एस0 शांताकुमार, जोकि इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे, ने वेबिनार का उद्घाटन किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के सलाहकार श्री संजीव बंजाई वेबिनार के विशेष अतिथि थे। सत्र की शुरुआत जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय के सलाहकार, श्री विनोद गुप्ता ने स्वागत भाषण से की, जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिया गया।

3. वेबिनार में प्रस्तुतियों में मुंबई से साइबर सुरक्षा जोखिम प्रबंधन और जागरूकता विशेषज्ञ, श्री अरुण रामकृष्णन, अधिवक्ता और साइबर कानून परामर्शदाता, श्री नीतीश दीक्षित और 'साइबररोप्स इंफोसेक' के संस्थापक और सीईओ, श्री मुकेश चौधरी ने प्रस्तुतियाँ दी।

4. श्री अरुण रामकृष्नन ने कोविड– 19 के आलोक में साइबर जोखिमों पर बात की, जबकि श्री नीतीश दीक्षित ने साइबर अपराध के मामलों और कानूनी उपचारों पर भाषण दिया और श्री मुकेश चौधरी ने साइबर अपराध–मामला अध्ययन पर बात की। प्रस्तुतियों में महामारी के दौरान साइबर खतरों के बढ़ते प्रकरणों को सामने लाया गया और उपयोगकर्ताओं द्वारा उनसे स्वयं को बचाने के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न कदमों पर प्रकाश डाला गया।

5. वेबिनार में अनेक अकादमिक संस्थानों अर्थात् एमएनआईटी, बिट्स पिलानी, एनएलयू आदि के संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों और छात्रों तथा नागरिकों, प्रबंधन संगठनों, वाणिज्य और उद्योग संघों, उपभोक्ता समर्थक समूहों (सीएजी) के प्रतिनिधियों, और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, विभिन्न उपभोक्ता संघों के सदस्यों, सरकार के अधिकारियों और जनसाधारण आदि ने भाग लिया और वेबिनार के दौरान दिलचस्प चर्चा/ बातचीत से लाभान्वित हुए।

6. किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, श्री संजीव बैजल, सलाहकार (सीए एंड आईटी), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, से दूरभाष नम्बर 011–23210990 अथवा ई–मेल आईडी : advisorit@ trai.gov.in पर भी संपर्क किया जा सकता है।

ह/–
(एस0 के0 गुप्ता)
सचिव, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>